




● **पढ़ो और समझो :**

# १३. (अ) समान-विरुद्ध


| | | | |
|---|---|---|---|
| नेत्र  आँख | वृक्ष  पेड़ | पक्षी  पंछी | पुष्प  फूल |
| द्वार  दरवाजा | चारपाई  खटिया | सवेरा  सुबह | केश  बाल |

| | | | |
|---|---|---|---|
|  दिन |  रात |  ऊपर |  नीचे |
|  कम |  अधिक |  छोटा |  बड़ा |
|  गरम |  ठंडा |  सुखी |  दुखी |
|  बंद |  खुला |  आगे |  पीछे |

❑ चित्र के माध्यम से समानार्थी-विरुद्धार्थी समझाएँ । **परिभाषा नहीं बतानी है ।** अन्य उदाहरण देकर विद्‌यार्थियों से ऐसे शब्दों का दृढ़ीकरण करवाएँ । पाठ्‌यपुस्तक में आए ऐसे शब्दों को ढूँढ़ने के लिए कहें । उनका संग्रह कराके सुलेखन और श्रुतलेखन करवाएँ ।

● **आपस में श्रुतलेखन करो :**

## (ब) छुक-छुक गाड़ी







रविवार का दिन था । विद्‌यालय में छुट्‌टी थी । बच्चे अपने घरों में बैठे-बैठे तंग आ गए थे । गृहकार्य भी हो गया था । वे सभी मैदान में आ गए । बच्चों ने छुक-छुक गाड़ी का खेल खेलने का निश्चय किया । वर्ष उनमें सबसे बड़ा था । उसने कहा, ''मैं एक से बीस तक सबको नाम दूँगा । सभी को क्रमानुसार डिब्बे बनकर इंजन के पीछे जुड़ना है ।'' उसने निम्नलिखित प्रकार से नाम दिए :

एक-चैत्र, आठ-कार्तिक, पाँच-श्रावण, दो-वैशाख, सात-आश्विन, चार-आषाढ़, अठारह-शनिवार, छह-भाद्रपद, दस-पौष, पंद्रह-बुधवार, सत्रह-शुक्रवार, नौ-अग्रहायण, बारह-फाल्गुन, तीन-ज्येष्ठ, सोलह-गुरुवार, चौदह-मंगलवार, ग्यारह-माघ, तेरह-सोमवार, उन्नीस-रविवार और वर्ष स्वयं बीस बन गया । वह इंजन बना । सभी बच्चे उलटे क्रम से अपना क्रमांक और नाम बोलते हुए इंजन के पीछे जुड़ते गए । इस तरह शुरू हो गया; छुक-छुक गाड़ी का खेल । तुम सब भी छुक-छुक गाड़ी का खेल खेलो । यह खेल गरमी, वर्षा, सरदी हर मौसम में खेल सकते हो ।





**लिखो :**

१. सप्ताह के दिन ।
२. मौसम के नाम ।
३. महीनों के नाम ।
४. एक से बीस तक की गिनती को अंकों और शब्दों में ।

❑ पाठ का उचित उच्चारण के साथ वाचन करें । एक-एक परिच्छेद का अनुलेखन/सुलेखन कराएँ । विद्यार्थियों से एक से बीस तक के अंकों का अक्षरों में श्रुतलेखन करवाएँ और आपस में एक-दूसरे की कॉपी जाँचने के लिए कहें । उनसे ऊपर के चित्रों पर नाम लिखवाएँ ।